हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 25 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत का आह्वान देश हित में है। तेल और सोने जैसी विदेशी वस्तुओं की खपत कम होने से देश की आर्थिक स्थिति और विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम की है व और भी कई लोगों ने अपने अपने स्तर पर ईंधन बचत के लिए प्रयास शुरू किए हैं। ,

श्री मनोहर लाल आज जींद जिले के गांव बीबीपुर स्थित 'सेल्फी विद डॉटर' अभियान के जनक एवं पूर्व सरपंच सुनील जागलान के आवास पर उनके परिवार से शिष्टाचार भेंट के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बिजली की बढ़ती मांग पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस बार देश में 21 मई को देश में 271 गीगावाट बिजली की मांग दर्ज की गई, जिसे लगभग पूरा किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने सुनील जागलान के सामाजिक अभियानों की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुनील जागलान से उनका वर्षों पुराना संबंध है।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज की बुराइयों को खत्म करने के लिए नए और सकारात्मक प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने सुनील जागलान द्वारा चलाए जा रहे 'गाली बंद घर अभियान' की भी सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सामाजिक समस्या का समाधान तभी संभव है, जब उसका सही विश्लेषण और जागरूकता हो।

उल्लेखनीय है कि सुनील जागलान ने अपने सरपंच कार्यकाल में बीबीपुर गांव को देश की पहली हाईटेक पंचायतों में शामिल कराया था। उनके कार्यकाल में महिलाओं की पहली महापंचायत का आयोजन भी बीबीपुर में हुआ था।

==

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पंचकूला सेक्टर 3 ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पुलिस भर्ती शुरू हो गई है। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्टेडियम में पहुँच कर व्यवस्था का जायजा लिया और उम्मीदवारों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन द्वारा बनाए गए आराम क्षेत्र में भर्ती के लिए चल रही शारीरिक जांच के लिए पहुँचें उम्मीदवारों के अभिभावकों से भी बातचीत की।

==

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड - सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के परिणाम के संबंध में नई सूचना जारी की है। यह सूचना 21 और 22 मई को गलत फीस कट जाने को देखते हुए जारी की गई है। यह समस्या जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपी के लिए आवेदन के दौरान हुई थी। बोर्ड ने कहा है कि कुछ मामलों में ज्यादा भुगतान कटा है, जबकि कुछ मामलों में कम राशि ली गई है।

सीबीएसई के अनुसार, अतिरिक्त भुगतान के मामलों में राशि खाते में लौटा दी जाएगी। कम भुगतान के मामले में विद्यार्थियों को बाकी भुगतान के लिए अलग से सूचित किया जाएगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उचित शुल्क वाले सभी आवेदनों के मामलों में उत्तर-पुस्तिका उपलब्ध कराई जाएगी और विद्यार्थियों को नए सिरे से आवेदन नहीं करना होगा।

=====================================

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अंबाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विकास और वैचारिक मूल्यों से अवगत कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और वक्ताओं ने राष्ट्र के समक्ष चुनौतियाँ, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान, केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाएँ, सोशल मीडिया और आईटी मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।
प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा परिवारवाद नहीं, बल्कि विचारवाद के आधार पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना को जागृत करना और समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मोदी और नायब सैनी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाना भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

==

भिवानी ज़िले के कालूवास गांव के रहने वाले 19 वर्षीय पहलवान साहिल पंघाल ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में हिन्द केसरी का खिताब अपने नाम कर क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस ऐतिहासिक और गौरवमयी उपलब्धि के बाद कल भिवानी के बड़ चौक स्थित किसान युवा क्लब के मुख्यालय पहुंचने पर साहिल पंघाल का ज़ोरदार स्वागत किया गया।

===

भिवानी ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 30 मई को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए 10 पीठ गठित की गई है, जो मामलों की सुनवाई करेगी। यह लोक अदालत परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138, यानी चेक बाउंस से जुड़े मामलों के समाधान के लिए लगाई जाएगी।

भिवानी के ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश व ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डीआर चालिया ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशों पर भिवानी न्यायिक परिसर के साथ तोशाम, लोहारू और सिवानी उपमंडलों में भी विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा।